54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 10.2 °c
अधिकतम 20.3 °c

**अमृतवाणी**

जिंदगी एक आइना है,
ये तभी मुस्कुराएगी जब
हम मुस्कुराएंगे।


# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 7:07, सूर्यास्त - 5:58 | वर्ष : 54/ अंक : 33 | मंगलवार, 03 फरवरी 2026 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, द्वितीया | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4


देश संविधान से चलता है किसी शंकराचार्य के बयान से नहीं : ओमप्रकाश राजभर



संविधान का मान हो जिसमें उसका बयां भी चलता है.......

# उद्यमियों व भाकियू की मीटिंग में एसपी सिटी बोले - कुत्ते-बिल्ली की तरह लड़ रहे हो, नेशनल मीडिया में मुजफ्फरनगर की छवि खराब हो रही है

## देखो जब तक सौहार्द्रपूर्ण बात हो रही थी एक भी कैमरा नहीं उठा था और तुम्हारे तीखे तेवर ने अचानक 50 कैमरे उठवा दिये : एसपी सिटी

**मुजफ्फरनगर, 02 फरवरी (बु.)।** सोमवार को जिला पंचायत सभागार में भारतीय किसान यूनियन और फैक्ट्री मालिकों की जिला प्रशासन के बीच हुई दूसरे दौर की वार्ता सकारात्मक रही। बैठक की अध्यक्षता भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने की। उन्होंने बताया कि किसानों की समस्याओं के समाधान की शुरूआत हुई है, अभी बहुत कुछ होना बाकी है।

दिसंबर के अंत में हुई पहली बैठक में प्रशासन ने व्यवस्थाएं सुधारने के लिए एक महीने का अल्टीमेटम दिया था। सोमवार को हुई समीक्षा बैठक में उद्योगपतियों ने अब तक किए गए कार्यों का ब्यौरा पेश किया। उत्तर प्रदेश पेपर मिल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने बताया कि भोपा रोड पर लगने वाले भारी ट्रैफिक जाम की समस्या को काफी हद तक सुलझा लिया गया है। सड़कों पर उड़ने वाली धूल पर भी नियंत्रण करने के लिए ज्यादातर फैक्ट्रियों में टाइल्स लगाई जा चुकी है। इसके अलावा भी फैक्ट्रियों के बाहर उड़ने वाली धूल को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पंकज बोले कि निरंतर एसोसिएशन के लोगों से संवाद किया जा रहा है। लगातार फैक्ट्री मालिकों के संपर्क में है, ताकि सुधार की प्रक्रिया जारी रहे। इतना ही नहीं उन्होंने अपने अगले लक्ष्य का ज़िक्र भी किया, जिसमें प्रदूषण नियंत्रण और 'राख' का निस्तारण है। भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने स्वीकार किया कि पिछले एक महीने में सुधार हुए हैं और ग्रामीण इससे संतुष्ट नजर आ रहे हैं। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी पूरी समस्या खत्म नहीं हुई है। टिकैत ने कहा, "प्रदूषण और राख के अवशेषों पर अभी और काम करने की जरूरत है। उद्योगों को प्रदूषण नियंत्रण संयंत्र लगाने के निर्देश दिए गए हैं, जिनके ऑर्डर भी दिए जा चुके हैं।"





### हंगामे की भेंट चढ़ी समन्वय बैठक, उद्यमी और भाकियू प्रतिनिधि भिड़े

**मुजफ्फरनगर।** शहर के विकास और औद्योगिक वातावरण को लेकर आयोजित एक समन्वय बैठक उस समय हंगामे की भेंट चढ़ गई, जब उद्यमी और भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधि आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों के बीच बढ़ती तल्खी को देख एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने मोर्चा संभाला और कड़े शब्दों में दोनों पक्षों को नसीहत दी। बैठक में मर्यादाएं टूटते देख एसपी सिटी ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, "ये नहीं कहना चाहिए कि कुत्ते-बिल्ली की तरह लड़ रहे हैं। इस तरह के व्यवहार से नेशनल मीडिया में मुजफ्फरनगर की छवि खराब हो रही है।" उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आपसी विवादों को सलीके और संवाद से सुलझाया जाना चाहिए, न कि सार्वजनिक रूप से शोर-शराबा करके।

### एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत बोले : सकारात्मक चर्चाएं दब जाती हैं, हंगामे सुर्खियां बन जाते हैं

**मुजफ्फरनगर। एसपी सिटी ने मीडिया के प्रभाव और विवादों की ओर उनके झुकाव पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को आईना दिखाते हुए कहा: ₹जब तक यहाँ सौहार्द्रपूर्ण माहौल में बात हो रही थी, तब तक एक भी कैमरा नहीं उठा था, लेकिन जैसे ही आपके तेवर तीखे हुए, अचानक 50 कैमरे आपकी रिकॉर्डिंग करने लगे।₹ उन्होंने आगाह किया कि सकारात्मक चर्चाएं अक्सर दब जाती हैं, लेकिन इस तरह के हंगामे तुरंत सुर्खियां बन जाते हैं, जिससे अंततः जिले का ही नाम बदनाम होता है।**



### सफेद धुएं के सितम से मिलेगी राहत: 'वेट ईएसपी' तकनीक से 31 मार्च तक थमेगा प्रदूषण

**मुजफ्फरनगर।** पिछले काफी समय से शहरवासियों के लिए मुसीबत बना सफेद धुआं अब जल्द ही इतिहास बन जाएगा। आंखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ पैदा करने वाले इस प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन और संबंधित विभाग ने मास्टर प्लान तैयार कर लिया है। 31 मार्च तक 'वेट इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रेसिपिटेटर' (डब्ल्यू.ई.एसपी) तकनीक के जरिए इस समस्या का स्थायी समाधान कर दिया जाएगा। क्षेत्र में फैलने वाले इस सफेद धुएं के कारण नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिससे आंखों में लगातार जलन और पानी आना। हवा में भारीपन के कारण सांस लेने में कठिनाई। बुजुर्गों और बच्चों में बढ़ते अस्थमा के लक्षण से छुटकारा मिल सकेगा। जिसको लेकर लगभग सभी तैयारियां 31 मार्च तक पूरी कर ली जाएंगी और फैक्ट्रियों में ये इक्यूपमेंट लगा भी दिया जाएगा।

### 16 अप्रैल को होगी तीसरी अगली समीक्षा बैठक

**मुजफ्फरनगर।** प्रशासन और किसान यूनियन ने स्पष्ट किया है कि वे इन सुधारों की बारीकी से निगरानी करेंगे। जो समस्याएं अभी अधूरी हैं, उन्हें जल्द पूरा करने का आश्वासन उद्योगपतियों ने दिया है। मामले की अगली समीक्षा बैठक 16 अप्रैल को तय की गई है।

### जेडएलडी पर चले जाएंगे सारे उद्योग, गंदे नाले सुख जाएंगे पानी साफ रहेगा : पंकज अग्रवाल

**मुजफ्फरनगर।** पेपर मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने गंदे नालों के पानी से पीने के पानी की समस्याओं के समाधान के लिए किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि जीरो लिक्विड डिस्चार्ज सिस्टम कुछ फैक्ट्रियों में लगाया जा चुका है और कुछ में अभी लगना जारी है। इससे फैक्ट्री का कोई भी पानी बाहर नाले में नहीं आएगा, जिससे नालों में बहने वाला गंदा पानी नालों में नहीं आने पर पानी से होने वाले प्रदूषण पर रोक लग सकेगी।

### काली राख के समाधान पर चर्चा, इसमें सीमेंट मिलाकर ईंट बनाई जा सकती है : राकेश टिकैत

**मुजफ्फरनगर।** मिलों से निकलने वाली राख भी क्षेत्र में एक बड़ी समस्या है, जिसका जिक्र करते हुए राकेश टिकैत ने उद्यमियों को सुझाव दिया कि जिस प्रकार हरियाणा में राख का इस्तेमाल ईंटों को बनाने में किया जा रहा है, उसी प्रकार इस राख का स्टॉक लगाकर एक ईंट बनाने का प्लांट लगाया जा सकता है, जिससे इसका समाधान किया जा सकता है।

### उद्यमियों पर टिप्पणी करने वाले युवक पर भड़के विपुल भटनागर

**मुजफ्फरनगर।** मीटिंग में उस समय हंगामा बढ़ता दिखा जिस एक एक युवक द्वारा बीच में बोलते हुए उद्यमियों पर टिप्पणी करना शुरू कर दिया, जिसको सुनकर उद्यमी विपुल भटनागर भड़क गए और उसे चुप रहकर नीचे बैठने को बोलते हुए कहा कि जब चौधरी साहब बोल रहे हैं, तो ऐसे बीच में इस टिप्पणी का क्या मतलब। जिससे माहौल में आई गर्मी को एसपी सिटी ने शांत कराया।


# सोनिया ने सादिक के इश्क में आकर किया पूर्व प्रेमी संजीव का कत्ल

## खूनी इश्क : दो प्रेमियों के बीच फंसी प्रेमिका बनी कातिल

## दूसरे आशिक के साथ मिलकर पहली मोहब्बत को उतारा मौत के घाट

**मुजफ्फरनगर, 02 फरवरी (बु.)।** कल मुजफ्फरनगर में हुई सनसनीखेज बोरे में बांधकर हत्या के मामले में 24 घंटे के अंदर खुलासा हो गया। खुलासे में मुस्लिम प्रेमी सादिक के इश्क के जुनून में आकर हिन्दू प्रेमिका सोनिया ने पुरकाजी निवासी संजीव का पूरी प्लानिंग कर कत्ल कर दिया। त्रिकोणीय प्रेम का एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने मानवीय रिश्तों को शर्मसार कर दिया है। एक महिला ने अपने दूसरे प्रेमी के साथ मिलकर अपने 12 साल पुराने पहले प्रेमी की बेरहमी से हत्या कर दी और शव को कम्बल में लपेटकर नाले में फेंक दिया।





मृतक संजीव

पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर घटना का खुलासा करते हुए आरोपी महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को उस समय सरवट फाटक के निकट सनसनी फैल गयी जब एक युवक का शव नाले में बोरे व कम्बल में लिपटा हुआ मिला था। पुलिस ने शव की शिनाख्त करते हुए बताया था कि युवक पुरकाजी के हरिनगर का रहने वाला संजीव (32) है। परिजनों ने बताया कि संजीव शनिवार दोपहर अपनी एक महिला मित्र से मिलने की बात कहकर घर से निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। एसएसपी मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह 'स्ट्रेंग्युलेशन' यानि गला घोंटना निकलकर आई। मामला हत्या का होने के कारण एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत के पर्यवेक्षण में सीओ मंडी राजू साव और इंस्पेक्टर बृजेश शर्मा की टीम गठित की गई। पुलिस ने जब मृतक की महिला मित्र सोनिया को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की, तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए खौफनाक साजिश की पूरी परतें खोल दी।

### गोवा की वादियों में परवान चढ़ा था नए प्रेमी का इश्क

**मुजफ्फरनगर।** पूछताछ में सामने आया कि सोनिया का प्रेम-प्रसंग शादी से पहले यानी पिछले 12 सालों से मृतक संजीव के साथ चल रहा था। वहीं, उसकी ससुराल हरसौली में उसका एक और प्रेमी सादिक बन गया था, जो गोवा में सिलाई का काम करता है। जब सादिक को सोनिया और संजीव के पुराने रिश्ते की भनक लगी, तो दोनों के बीच टशन शुरू हो गई। इसके बाद सोनिया और सादिक ने मिलकर संजीव को रास्ते से हटाने की साजिश रची। शनिवार शाम सोनिया ने साजिश के तहत संजीव को अपने किराए के मकान पर बुलाया। वहां सादिक पहले से ही घात लगाकर छिपा हुआ था। जैसे ही संजीव कमरे में दाखिल हुआ, सोनिया और सादिक ने मिलकर उस पर हमला कर दिया। रस्सी से गला घोंटकर उसकी निर्मम हत्या कर दी और साक्ष्य मिटाने की नीयत से शव को कम्बल में लपेटकर पास के नाले में फेंक दिया गया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने प्रेस वार्ता में बताया, "24 घंटे के अंदर इस सनसनीखेज हत्या का पदार्फाश कर दिया गया है। आरोपी महिला सोनिया और उसके प्रेमी सादिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके पास से हत्या में प्रयुक्त रस्सी भी बरामद हुई है। दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।"

### खूनी इश्क : दो प्रेमियों के बीच फंसी प्रेमिका बनी कातिल, आधी रात को प्रेमी का किया खौफनाक अंत

**मुजफ्फरनगर।** प्यार, जुनून और धोखे की एक ऐसी दास्तां सामने आई है, जिसने पूरे शहर को दहला दिया। जिस प्रेमी के साथ जिंदगी बिताने के वादा किया था, उसी के खून से एक युवती ने अपने हाथ लाल कर लिए। पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर इस 'मर्डर' की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी प्रेमिका और उसके दूसरे प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है।

### पुलिस पूछताछ में जो खुलासा हुआ वह किसी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं है

**मुजफ्फरनगर।** प्रेमिका ने बातचीत के बहाने मृतक को शहर के मकान में बुलाया। जैसे ही मृतक संजीव उर्फ जीवन युवती से बात करने में मशगूल हुआ, वहां पहले से घात लगाकर बैठे दूसरे प्रेमी ने उस पर वार कर दिया और उसकी रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपियों ने सबूत नष्ट करने का प्रयास किया, लेकिन एक सीसीटीवी फुटेज ने पुलिस को कातिलों तक पहुंचा दिया। "प्रारंभिक जांच में यह मामला प्रेम-प्रसंग का माना जा रहा था, जिसके बाद मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल्स खंगालने पर युवती की भूमिका संदिग्ध पाई गई। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया और पूरी कहानी सामने आ गई।"

# दुकानदारों के हाथों से पांच सोने की अंगूठियां छीन ले गया लुटेरा

**मुजफ्फरनगर, 2 फरवरी (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोती महल में उस समय हड़कम्प मच गया जब शर्मा जी ज्वैलर्स पर एक युवक आया और दुकानदार से हल्की अंगूठी और हल्की चेन दिखाने के लिए कहा। दुकानदार नवीन की मानें तो वह बाजार से हल्के वजन की अंगूठियां व पतली चेन युवक को दिखाने के लिए उठा लाया और जैसे ही उसने उक्त युवक को यह अंगूठियां दिखाई तो इनमें से मुठ्ठी भरकर पांच अंगूठियां इस युवक ने उठा ली और पूरे बाजार की आंख में धूल झोंककर भाग जाने में सफल रहा। सोने की अंगूठियां लुटता देख दुकानदार ने चोर-चोर-चोर का शोर मचा दिया। दुकानदार देखते ही रह गए और लुटेरा युवक फरार हो गया। इसकी सूचना जब पुलिस को दी गयी तो पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। दुकानदार से पूछताछ में दुकानदार ने बताया कि पांच अंगूठियों की कीमत लगभग 1.80 लाख रुपये है। दुकानदार नवीन ने लुटेरे का हुलिया बताते हुए बताया कि युवक की ऊंचाई 5 फुट 8 इंच के लगभग थी और वह पतला दुबला व दाढ़ी रखे हुए है। फिलहाल पुलिस युवक की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। दुकानदार ने बताया कि उसकी दुकान में कोई सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हुए हैं। शाम ढलते ही लुटेरे द्वारा लूटी गयी अंगूठियों की लूट से हड़कम्प मचा दिखाई दिया और दुकानदारों ने एक-दूसरे को सावधान रहने की अपील की।




# धोखाधड़ी कर वाहन बेचने वाले दो लोग दबोचे


**बुढ़ाना, 02 फरवरी (बु.)।** स्थानीय पुलिस ने एक ऐसे गिरोह के 2 सदस्यों को पकड़ा है, जो चोरी किये वाहनों व फाइनेंस पर खरीदे गये वाहनों के इंजन व चेसिस नम्बर बदलकर धोखाधड़ी से वाहनों को बेचने का काम करते थे। दोनों के पास से पुलिस ने 05 लाख रुपये, 04 ट्रक, 02 बाइकें, 01 मोबाईल फोन, 08 फर्जी आधार कार्ड, 06 आरसी व एक फर्जी नम्बर प्लेट बरामद की। सब सामान की कीमत करीब एक करोड़ रुपये से भी अधिक की है। बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह को सूचना मिली कि बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में अन्तराज्यीय गैंग सक्रिय है, जो चोरी, फाईनेन्स व पुराने खत्म वाहनों को खरीदकर उन पर फर्जी तरीके से इंजन व चैसिस नम्बर बदलकर फर्जी तरीके से तैयार किये वाहनों को बेचने का काम करते हैं। गिरोह के सदस्य ऐसे ही तैयार ट्रक को लेकर मुजफ्फरनगर की तरफ से दिल्ली लेकर जाने वाले है। सूचना पर यकीन कर कोतवाल सुभाष अत्री खतौली तिराहे पर आने-जाने वाले वाहनों की सघन चैकिंग करने लगे। कुछ समय बाद एक ट्रक आता दिखा, जिसे पुलिस ने टार्च की रोशनी देकर रुकने का इशारा किया, तो चालक ट्रक को तेजी से भगाने लगा। टीम ने उक्त ट्रक का पीछा किया, तो आगे चलकर ट्रक के सामने गन्ने से भरा ट्रक आ गया, जिस कारण ड्राइवर ने ट्रक रोक दिया, तो ड्राइवर व 1 अन्य व्यक्ति ट्रक वहीं छोड़कर भागने लगे, जिन्हें पुलिस टीम ने घेरकर पकड़ लिया। गिरफ्तार लोगों के कब्जे से उक्त सामान बरामद हुआ। दोनों ने अपने नाम मेहरबान उर्फ कारी पुत्र यासीन व अफजाल पुत्र रोशन निवासीगण झिंझाना शामली बताया। दोनों पर पहले से ही दिल्ली, हरियाणा व यूपी में कई मामले दर्ज हैं। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे फर्जी आधार कार्ड तैयार करते हैं व वाहनों को फाइनेंस पर खरीदकर उनके इंजन व चेसिस नंबर बदलकर बाद में उनका रजिस्ट्रेशन अरुणाचल प्रदेश व अन्य राज्यों से कराकर उन्हें बेचते हैं तथा अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करते है। वे फर्जी आधार कार्ड के माध्यम से बैंक खाते खुलवाकर लोन करवाते हैं और इन्हीं फर्जी दस्तावेजों का उपयोग वाहन पंजीकरण में करते हैं। आरसी तैयार होने के बाद जिस वाहन की आरसी बनती है, उसी प्रकार का दूसरा वाहन खरीदकर उस पर फर्जी आरसी के अनुसार इंजन नंबर, चेसिस नंबर व रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित कर देते हैं, जिससे फाइनेंस व चोरी वाला वाहन पकड़ में नहीं आता। इस प्रकार तैयार किए फर्जी आरसी व बदले इंजन चेसिस नंबर वाले वाहनों को वे सब मिलकर लोगों को असली बताकर बेच देते हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक लाभ भी प्राप्त होता है।



फाइनेंस पर खरीदे वाहनों के बदलते थे इंजन

### सूरत में सैफ को लव-जिहादी बताकर काले झंडे दिखाए

**सूरत, 2 फरवरी (एजेंसी)।** गुजरात के सूरत में हिंदू संगठन के कुछ कार्यकर्ताओं ने लव जिहादी का नारा लगाते हुए सैफ अली खान को काले झंडे दिखाए। दरअसल सैफ यहां हो रही इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपी) में अपनी टीम को चीयर्स करने पत्नी करीना और बेटों के साथ सूरत पहुंचे थे। रविवार की देर रात मैच खत्म होने के बाद वे परिवार के साथ स्टेडियम से बाहर निकल रहे थे। इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने 'लव जिहादी है' के नारे लगाते हुए काले झंडे लहराए। हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिस बल ने सैफ अली खान के काफिले को सुरक्षित वहां से निकालकर होटल तक पहुंचा दिया था। अब इस घटना के वीडियो वायरल हो रहे हैं।




## बयानवीर विक्रम सैनी ने लिया चन्द्रशेखर से पंगा

# बोले-सड़कों पर घूम रहा है, बांग्लादेश की सीमा पर क्यों नहीं जाता चन्द्रशेखर आजाद

**मुजफ्फरनगर, 02 फरवरी (बु.)।** सोमवार को काफी दिनों बाद बयानवीर बनते दिखाई दिये विक्रम सैनी। आपको बता दें कि पूर्व विधायक विक्रम सैनी बयान देने और चुटकुले छोड़ने में पहले से ही सुर्खियों में रहते हैं। बड़ी बात यह है कि बयानवीर की बात का कोई बुरा भी नहीं मानता। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर विराट हिन्दू सम्मेलन किये जा रहे हैं, इसी क्रम में आज खतौली के पूर्व विधायक विक्रम सैनी भी आरएसएस के विराट हिन्दू सम्मेलन में शामिल हुए तो उनमें फिर एक बार जोश भर गया। जब मीडिया ने उनसे आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्र शेखर आजाद को लेकर सवाल किये तो उन्होंने कहा कि ये चन्द्रशेखर सड़कों पर प्रदर्शन करता फिर रहा है, यदि यह सच्चे दलित हिन्दुओं का हितैषी है तो बांग्लादेश की सीमा पर क्यों नहीं जाता, जहां दलित हिन्दुओं पर जमकर अत्याचार ही नहीं उनके कत्लेआम हो रहे हैं। इस मुद्दे पर तो चन्द्रशेखर की जुबान से से एक शब्द भी नहीं निकलता।



विक्रम सैनी ने कहा कि बांग्लादेश के दलित हिन्दू भारत की सांस्कृतिक धारा से जुड़े हुए हैं और हमारे ही समाज का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि बार-बार सड़कों पर उतरना देश को कमजोर बनाता है और देश को कमजोर नहीं मजबूत बनाने की जरूरत है। जातिवाद पर कड़ा प्रहार करते हुए विक्रम सैनी ने कहा कि समाज में आपसी जातिविभाजन के कारण ही देश को आठ सौ वर्ष तक गुलामी झेलनी पड़ी, जिसका लाभ मुगलों और अंग्रेजों ने उठाया और हम अब भी जातिवाद की बात कर रहे हैं। यह ही नहीं विक्रम सैनी ने मुसलमानों को भी हिन्दू समाज का ही अंश बताया। उन्होंने कहा कि मुसलमानों के पूर्वज भी हिन्दू समाज से जुड़े रहे हैं और अब समय आ गया है कि जाति और मजहब से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण के बारे में सोचा जाए। पूर्व विधायक विक्रम सैनी के बयान पर अब चन्द्रशेखर आजाद की क्या प्रतिक्रिया आती है, राजनीतिक गलियारों में इस बात का इंतजार चल रहा है।

# पुलिस मुठभेड़ के बाद विद्युत तार व ट्रांसफॉर्मर से कॉइल चोरी करने वाले 6 शातिर गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपियों से दो तमंचे, ट्रांसफॉर्मर की कॉइल, एल्युमीनियम का तार व एक छोटा हाथी किया बरामद

**मुजफ्फरनगर, 2 फरवरी (बु.)।** शाहपुर पुलिस ने विद्युत तार व ट्रांसफॉर्मर से कॉइल चोरी करने वाले 6 शातिरों को गिरफ्तार कर 8 वारदातों का खुलासा किया है। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने दो तमंचे, ट्रांसफॉर्मर की कॉइल, एल्युमीनियम का तार व एक छोटा हाथी बरामद किया है।

पुलिस लाइन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने प्रेसवार्ता करते हुए जानकारी दी कि शाहपुर पुलिस निरमानी गेट के निकट चैकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध छोटे हाथी को रोकने का प्रयास किया तो वाहन सवार आरोपियों ने वाहन रोकने के बजाय और तेजी से दौड़ा दिया। वाहन की संदिग्धता प्रतीत होने पर पुलिस ने उनका पीछा किया तो उन्होंने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए छोटे हाथी में सवार गांव वहलना थाना खालापार निवासी जोगिन्द्र उर्फ टीना, मनोज उर्फ मोनू निवासी मदारपुरा, थाना सरधना, जिला मेरठ, अहसान निवासी प्रेमनगर थाना लोनी गाजियाबाद, अरविंद व सौरभ निवासीगण मदारपुरा थाना सरधना मेरठ व शोकीन निवासी अशोक विहार निवासी थाना लोनी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से दो तमंचे, चार चाकू, ट्रांसफॉर्मर कॉइल व एल्यूमिनियम का तार बरामद किया है। एसएसपी ने बताया कि आरोपियों के पास से बरामद सामान की अनुमानित कीमत 2.5 लाख रुपए है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने जनपद के कुतुबपुर, खुड्डा, तुगलकपुर, भैसरहेड़ी, मोह्लाहेड़ी, शकरपुर, कुरथल व लछेड़ा से ट्रांसफॉर्मर काटकर तांबे की कॉइल व बिजली के तार चोरी किए थे। गिरफ्तार करने वाली टीम को एसएसपी ने 15 हजार रुपए के पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की।



### सुबह कोहरे के बाद धूप से राहत, आज भी कोहरे का अलर्ट

**मुजफ्फरनगर, 2 फरवरी (बु.)।** एक बार फिर कोहरे से शुरू हुई सुबह के बाद दिन में निकली धूप राहत भरी रही। मौसम में गर्माहट के चलते अधिकतम 20.3 और न्यूनतम 10.2 डिग्री दर्ज किया गया। इस बीच मंगलवार को भी कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। नगर में मौसम के उतार चढ़ाव के बीच सोमवार को सुबह कोहरा छाया रहा। करीब 11 बजे तक बादलों और कोहरे ने सूर्यदेव का रास्ता रोके रखा। थोड़ी देर से ही सही सूर्यदेव के दर्शन हुए तो गर्माहट ने राहत दी। हालांकि धूप छांव के खेल के बीच धूप काफी धुंधली रही। इसके बावजूद सुबह के कोहरे को देखते हुए लोगों ने धूप निकलने पर जमकर इसका आनंद लिया। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए कोहरे व धुंध का यलो अलर्ट जारी किया है। सुबह के समय कई जगह पर हल्का और कुछ इलाकों में घना कोहरा भी छाया रह सकता है।

# चांदी 31800 तक टूटी, सोना 8000 रुपए सस्ता

**नई दिल्ली, 2 फरवरी (एजेंसी)।** सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। सोना 8000 रुपये तक सस्ता हो गया। वहीं चांदी में 31,800 रुपये तक की गिरावट देखने को मिली। कीमतों में अस्थिरता का दौर जारी है। एमसीक्स पर सोने का भाव 8,187 रुपये गिरकर 1,34,00 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इसमें 5.76 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वहीं चांदी 31,878 रुपये सस्ती होकर 2.33 लाख रुपये प्रति किलो पर आ गई। इसमें 12 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। शाम 4:45 तक सोना 983 रुपये बढ़कर 1,43,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं चांदी पिछली गिरावट से संभते हुए 13,852 रुपये गिरकर 2,51,800 रुपये प्रति किलो पर आ गई।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में आई गिरावट

सोमवार की शुरूआती ट्रेडिंग में अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्पॉट गोल्ड करीब 4% तक फिसला, जबकि चांदी में भी इसी के आसपास गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, 12% तक टूटने के बाद चांदी 80 डॉलर प्रति औंस के स्तर से ऊपर टिक गई। इससे पहले सत्र में चांदी ने अब तक की सबसे बड़ी इंट्राडे गिरावट दर्ज की थी, जो बीते 10 वर्षों की सबसे तेज गिरावट मानी जा रही है। बीते एक साल में सोने और चांदी की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई थीं, जिसने अनुभवी निवेशकों को भी चौंका दिया था। जनवरी में यह तेजी और तेज हो गई थी, जब वैश्विक तनाव, कमजोर होती मुद्राएं और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की स्वतंत्रता को लेकर चिंताओं के बीच निवेशकों ने सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने-चांदी का रुख किया। हालिया गिरावट की बड़ी वजह शुक्रवार को सामने आई वह खबर मानी जा रही है, जिसमें कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फेड चेयर के तौर पर केविन वॉर्श को नामित करने की योजना बना रहे हैं। इस खबर के बाद डॉलर मजबूत हुआ और उन ट्रेडर्स की धारणा कमजोर पड़ी, जो नरम डॉलर की उम्मीद लगाए बैठे थे।



सर्राफा बाजार में गिरावट का दौर जारी

# महाजाम से रोज जूझ रही जानसठ रोड

## रेलवे अंडर पास के निर्माण के चलते परिक्रमा मार्ग पर वाहनों की रोक बनी यातायात की मुसीबत

**मुजफ्फरनगर, 2 फरवरी (बु.)।** परिक्रमा मार्ग पर रेलवे अंडरपास बनने के कारण इस मार्ग को बंद कर दिए जाने के चलते महावीर चौक से लेकर पूरा जानसठ रोड स्थाई जाम का केंद्र बन गया है। हालत यह है कि कई बार जाम की स्थिति ऐसी हो जाती है कि लोग आधा-आधा घंटे इसमें फंसे रहते हैं। खासतौर से जानसठ रोड फ्लाईओवर और अलमासपुर व टिकैत चौक पर स्थिति भयावह हो जाती है। दोपहर के समय स्कूलों की छुट्टी के दौरान तो यहां बेहद खराब हालात हो जाते हैं। अंडरपास का काम कितने दिन चलेगा, इसका अंदाजा नहीं है, ऐसे में प्रशासन को इस समस्या के विकल्प की ओर ध्यान देना होगा। जानसठ रोड शहर में प्रवेश का एक मुख्य एंट्री प्वाइंट है। यहां रोडवेज बसों के साथ तमाम चार पहिया और दो पहिया वाहन आते जाते हैं। अलमासपुर से परिक्रमा मार्ग होते हुए सरकुलर रोड की ओर जाने वाली सड़क काफी वाहनों के लिए बाईपास का काम करती थी। इस मार्ग पर रेलवे लाइन पर अंडरपास बनने के कारण वहां चार पहिया वाहनों का आवागमन रोक देने से यह पूरा यातायात अब महावीर चौक के रास्ते से जानसठ



रोड फ्लाईओवर, टिकैत चौक और अलमासपुर के रास्ते निकाला जा रहा है। इसके चलते इस मार्ग पर यातायात व्यवस्था बुरी तरह डगमगा गई है। इस मार्ग के अलावा इस ओर आने के लिए जानसठ रोड के अलावा भोपा रोड ही एकमात्र विकल्प है। हालत यह है कि सुबह से लेकर देर शाम तक महावीर चौक से जानसठ रोड फ्लाईओवर और आगे टिकैत चौक व अलमासपुर चौराहे पर जाम के हालात नजर आते हैं। इस मार्ग पर तमाम हॉस्पिटल और स्कूल कॉलेज होने के कारण आवागमन अधिक रहता है। ऐसे में दोपहर के समय जब स्कूल कॉलेजों का अवकाश होता है और हजारों छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में स्कूली वाहन इस मार्ग से शहर की ओर आते हैं तो स्थिति भयावह हो जाती है। कई घंटे तक जाम के हालात से लोगों को जूझना पड़ता है। जानसठ रोड फ्लाईओवर पर तो स्थिति बेहद गंभीर हो जाती है। रेलवे अंडर पास का काम अभी काफी दिन चलना है। ऐसे में तब तक के लिए यह जाम मार्ग की स्थायी समस्या बन गया है। इसके चलते प्रशासन को इस मार्ग के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था सोचनी होगी। इसमें इस मार्ग से जाने वाली रोडवेज व अन्य बसों को भोपा रोड पर डायवर्ट करने के लिए खासतौर से दोपहर में स्कूल-कॉलेजों के अवकाश के समय बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित करने का विकल्प शामिल है।



### स्कूल में नमाज पढ़वाने वाला हेडमास्टर हुआ निलंबित

**मथुरा, 2 फरवरी (एजेंसी)।** सरकारी स्कूल में बच्चों से नमाज पढ़वाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि हेडमास्टर बच्चों का ब्रेनवॉश कर जबरन नमाज पढ़वाता। इस्लाम अपनाने का दवाब बनाने के लिए उसे बाकी धर्मों से अच्छा बताता। देवी-देवताओं को लेकर अमर्यादित बातें बोलता और बच्चों को राष्ट्रगान गाने पर डांटता था। भाजपा नेता की शिकायत के बाद इरअ ने हेडमास्टर को सस्पेंड कर दिया। जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी भी बनाई है। शुरूआती जांच में हेडमास्टर पर लगे आरोप सही पाए गए। भाजपा नेता का कहना है कि बच्चों के पैरेंट्स ने उन्हें इसकी जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने 30 जनवरी को बीएसए से शिकायत की। 2 दिन बाद हेडमास्टर पर एक्शन हुआ। मामला मांटा थाना क्षेत्र के नौहझील प्राइमरी स्कूल का है। भाजपा के बाजना मंडल अध्यक्ष दुर्गेश प्रधान ने बताया- प्राइमरी स्कूल में हिंदू और मुसलमान धर्मों के बच्चे पढ़ते हैं। हिंदू बच्चों की संख्या अधिक है। स्कूल के हेडमास्टर जान मोहम्मद हिंदू धर्म को नीचा दिखाते हैं। हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करते हैं। बाहर से तब्लीगी जमात के लोगों को बुलाते हैं। बच्चों को इस्लाम धर्म की शिक्षा देते हैं। बच्चों से कहते हैं कि उन्हें इस्लाम को फॉलो करना चाहिए।

### खेत की रखवाली कर रहे किसान को सांड ने पटक-पटककर मार डाला

**मथुरा, 2 फरवरी (एजेंसी)।** मथुरा के सुरीर कोतवाली क्षेत्र के गांव राजागढ़ी में खेत में खड़ी गेहूं की फसल उजाड़ रहे सांड को भगाते समय किसान पर हमला कर दिया। जिसके चलते हमले में घायल किसान की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव राजागढ़ी निवासी किसान लोकेन्द्र उम्र करीब 35 वर्ष शनिवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे के लगभग खेत की रखवाली के लिए गया था। खेत पर पहुंचा तो आवारा सांड गेहूं की फसल में नुकसान कर रहा था। तो किसान लोकेन्द्र ने फसल उजाड़ रहे सांड को भगाया तो सांड ने पलटकर किसान पर हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर पड़ोसी किसान वहां पहुंचा तो लोकेन्द्र घायल अवस्था में पड़ा देख उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे घायल अवस्था में वृन्दावन स्थित रामकिशन मिशन अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। सांड के हमले से किसान की मौत की सूचना सुरीर पुलिस को दी। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### गोमांस बेचने के मामले में दो आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

**मुजफ्फरनगर, 2 फरवरी (बु.)।** गोमांस बेचने के प्रकरण में एडीजे कोर्ट-3 के न्यायाधीश ने महिला समेत दो आरोपियों की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। अभियोजन के अनुसार नई मंडी कोतवाली पुलिस ने 4 जनवरी 2025 को रथेड़ी के जंगल से गोमांस के साथ सीमा पत्नी इनाम निवासी बागोवाली को गिरफ्तार किया था। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि उसे गोमांस बेबी व गुलबहार निवासी दतियाना थाना छपार ने दिया था। इस प्रकरण में आरोपी सीमा व गुलबहार ने अपने अधिवक्ता के जरिये जमानत के लिए याचिका एडीजे कोर्ट-3 के न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर की कोर्ट में दाखिल की थी। न्यायाधीश ने सुनवाई के बाद दोनों की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है।

### शादाब जकाती संग वीडियो बनाने वाली इरम बोलीं- कोर्ट जाऊंगी

**मेरठ, 2 फरवरी (एजेंसी)।** '10 वाला बिस्कुट कितने का है जी' रील से मशहूर हुए मेरठ के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शादाब जकाती फिर चर्चा में हैं। इस बार वजह शादाब की फएएछ नहीं, बल्कि उनकी टीम की सदस्य इरम हैं। उन्होंने अपने पति खुर्शीद उर्फ सोनू के खिलाफ कोर्ट जाने की बात कही है। इरम ने एक वीडियो जारी कर कहा- मुझ पर पति ने फर्जी आरोप लगाए हैं। उनके खिलाफ कोर्ट जाऊंगी। मैं शादाब जकाती के लिए काम करती हूं। वीडियो बनाती हूं। मुझे सैलरी मिलती है। अगर मैं काम नहीं करती तो घर कैसे चलता। काम करना मेरी मजबूरी है। इरम ने कहा कि वो (पति) मुझे इतना मारता था कि मेरी बॉडी नीली पड़ जाती। मजबूरन मुझे काम करना पड़ा। मेरे पैसे उसने मुझसे लेकर जुए, सट्टे में उड़ाए। मुझे बदनाम कर दिया। मेरा भी अल्लाह मालिक है। मैं भी कोर्ट से लडूंगी। मामले की शुरूआत पिछले साल 25 दिसंबर से हुई थी। मेरठ के इन्फ्लुएंसर शादाब जकाती पति, पत्नी के बीच वो बनकर घिर गए थे। महिला टीम मेंबर के पति ने थाने में कहा था- मेरी पत्नी शादाब जकाती के साथ रहती है, मुझे उनसे जान का खतरा है। इंचौली थाने में उन्होंने 45 मिनट ड्रामा किया था। रोते और छाती पिटते दिखे थे। इसके बाद सिर्फ 24 घंटे के बाद एक नया वीडियो सामने आया था। इसमें शादाब के साथ इरम और उनके पति खुर्शीद दिखे थे। अब खुर्शीद के सुर बदले हुए थे, वो कहते नजर आए थे- इरम मेरी मर्जी से शादाब भाई के पास है, मुझे कोई दिक्कत नहीं। हालांकि, बाद में खुर्शीद ने कहा- उसने शादाब के दबाव में बयान बदला।

### बसपा नेता के रोटवीलर डॉग का बच्चे पर जानलेवा हमला

**हमीरपुर, 2 फरवरी (एजेंसी)।** बसपा नेता के रोटवीलर कुत्ते ने मासूम बच्चे पर जानलेवा हमला कर दिया। बच्चा जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद कुत्ते ने बच्चे के हाथ और सीने पर चार जगह काट लिया। मांस के लोथड़े निकाल गए। बच्चे की चीख सुनकर बसपा नेता दौड़कर पहुंचे। बच्चे को किसी तरह बचाया गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। 11 साल का बच्चा बसपा नेता के घर बच्चों के साथ खेलने गया था। छत पर खेलकर सीढ़ियों से उतर रहा था, तभी कुत्ते ने हमला कर दिया। घटना रविवार रात सुमेरपुर थाना क्षेत्र की है। पुलिस के मुताबिक, परिजनों की शिकायत मिली है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि बसपा नगर अध्यक्ष शिवम जनार्दन के पास दो रोटवीलर कुत्ते हैं। दोनों का लाइसेंस भी उनके पास नहीं है। राजेंद्र कुमार गौतम सुमेरपुर कस्बे में रहते हैं। वह इस्पात मिल में काम करते हैं। रविवार शाम उनका बेटा अंश घर से 50 मीटर दूर बसपा नेता के घर खेलने गया था। 2 घंटे तक अपने दोस्त पथिक के साथ छत पर खेला। घर आते वक्त रोटवीलर कुत्ता उस पर अचानक टूट पड़ा। अंश ने बताया कि उसे संभलने का मौका तक नहीं मिला। कुत्ते ने उसके हाथ और सीने पर कई बार काटा। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर बसपा नेता और उनके घरवाले पहुंचे। किसी तरह बच्चे को कुत्ते से बचाया गया, लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से घायल हो चुका था। घायल बच्चे को तुरंत सुमेरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

## दुपहिया वाहन की चेन घुमाकर आतंकित करने वाले युवक को किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 2 फरवरी (बु.)।** कल शाम मीनाक्षी चौक के निकट एक युवक दुपहिया वाहन की चेन घुमाते हुए आते-जाते लोगों को आतंकित कर रहा था। जिस तरह से युवक चेन घुमा रहा था, ऐसा लग रहा था कि वे चेन किसी के मुंह पर लग गयी तो वह निश्चित रूप से घायल हो जाएगा। उक्त युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद थाना सिविल लाइन पुलिस ने इस युवक की जांच पड़ताल की तो वह युवक एट्ज़ेड कॉलोनी, के कलब हाउस, थाना नई मण्डी का निवासी निकला। पुलिस ने तत्काल युवक को गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया। युवक की पहचान विनीत चौधरी पुत्र सुबोध कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने युवक का चालान फिलहाल बीएनएस की धारा 125 में दर्ज किया है और जेल भेज दिया है।





### एसआईआर ड्यूटी से गायब अधिकारी गिरफ्तार कराया

**मेरठ, 2 फरवरी (एजेंसी)।** एसडीएम ने खंड शिक्षा अधिकारी श्याम मोहन आस्थाना को गिरफ्तार करा दिया। खंड शिक्षा अधिकारी बिना बताए छुट्टी पर चले गए थे। उन्होंने फोन भी रिसीव नहीं किए। इसकी वजह से वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर का काम ठप हो गया था। एसडीएम उदित नारायण सेंगर ने श्याम मोहन के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। इस पर पुलिस ने उन्हें पकड़कर थाने ले आई। जहां उन्हें तीन घंटे बिठाए रखा गया। मेडिकल टेस्ट हुआ। फिर उन्हें रिहा कर दिया गया। अस्थाना ने बताया- मेरी और पत्नी की तबीयत खराब है। इसलिए लखनऊ चला गया था। छुट्टी का आवेदन दिया था, लेकिन वह स्वीकृत नहीं हुआ था। एसडीएम उदित नारायण सेंगर ने बताया- खंड तीन के खंड शिक्षा अधिकारी श्याम मोहन अस्थाना की ड्यूटी एसआईआर में एईआरओ के पद पर लगी हुई है। उन्हें एसआईआर से जुड़े मामलों की समयबद्ध सुनवाई और रिपोर्ट प्रस्तुत करनी थी। लेकिन उन्होंने न तो निर्धारित कार्य किया और न ही उच्चाधिकारियों को कोई सूचना दी।

## पाकिस्तान की हार निश्चित है, इसलिए खेलने से किया इंकार : संगीत सोम

**मुजफ्फरनगर, 02 फरवरी (बु.)।** भारतीय जनता पार्टी के फायरब्रांड नेता और पूर्व विधायक संगीत सोम ने टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान द्वारा भारत के साथ मैच खेलने से मना करने पर कड़ा प्रहार किया है। सोमवार को मुजफ्फरनगर में एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अपनी हार का पहले से ही आभास है, इसलिए वह मैदान छोड़कर भाग रहा है। संगीत सोम ने पाकिस्तानी टीम पर तंज कसते हुए कहा, "पाकिस्तान को अच्छी तरह पता है कि उसे भारत से हारना ही

**बजट में किसान, गरीब, मजदूर और हर भारतीय का विशेष ध्यान रखा गया**



है। वह हर बार भारत से हारता है और हर बार पिटता है। जब भारत उन्हें हराता है, तो वे अपने देश वापस जाकर अपनी ही जनता से भी पिटते हैं। इसी डर और जिल्लत से बचने के लिए उन्होंने इस बार खेलने से ही मना कर दिया है।" केंद्रीय बजट पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा उठाए गए सवालों को खारिज करते हुए संगीत सोम ने इसे एक 'शानदार बजट' करार दिया। इस बजट में किसान, गरीब, मजदूर और हर भारतीय का विशेष ध्यान रखा गया है। दैनिक उपयोग और खाने-पीने की चीजें सस्ती हो रही हैं, जिससे आम आदमी को बड़ी राहत मिलेगी। सोम ने विपक्ष पर प्रहार करते हुए कहा कि, विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है, इसलिए वे केवल आलोचना करने के लिए बयानबाजी कर रहे हैं। कुछ अन्य कानूनी विषयों पर पूछे गए सवालों पर संगीत सोम ने संजीदगी दिखाते हुए कहा कि जो मामले कोर्ट के अधीन हैं, उन पर किसी को भी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि न्यायपालिका के कार्यों में हस्तक्षेप या उस पर बयानबाजी करना उचित नहीं है। आपको बता दें कि पूर्व विधायक संगीत सोम मुजफ्फरनगर एक निजी कार्यक्रम में विजय प्रताप सिंह के बेटे के जन्मदिवस के अवसर पर उनके आवास पर पहुंचे थे। कार्यक्रम में बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने विजय प्रताप के घर पहुंचकर उनके पुत्र के जन्मदिवस की बधाई दी।

## एसपी क्राइम ने किया साइबर सेल का औचक निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर, 2 फरवरी (बु.)। सोमवार को एसपी क्राइम इन्दु सिद्धार्थ ने भोपा थाने पर स्थित मिशन शक्ति केन्द्र व साइबर सेल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला सुरक्षा से सम्बंधित सुविधाओं व शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त शिकायतों व उनकी प्रगति की जांच कर संबंधित को दिशा-निर्देश दिए। उसके बाद एसपी क्राइम ने थाना पुरकाजी स्थित मिशन शक्ति केन्द्र व साइबर सेल का निरीक्षण कर महिलाओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने महिलाओं को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया तथा उन्हें जानकारी दी कि किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न अथवा अपराध की स्थिति में वे बिना भय के थाना स्तर पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। पुलिस तत्काल मामले में कार्रवाई करेगी। उन्होंने महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान सीओ सदर डॉ. रविशंकर व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।**

## कोडीन कफ सिरप की अवैध बिक्री में श्याम फार्मा संचालक गिरफ्तार, 19 नवबंर को दर्ज हुई थी एफआईआर

**बलरामपुर, 2 फरवरी (एजेंसी)।** कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध बिक्री मामले में पुलिस ने कार्रवाई और तेज कर दी है। पहले चरण में अशोक मेडिकल और अमन मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निरस्त किए जा चुके हैं। इसके बाद सोमवार को पुलिस ने पुरानी बाजार स्थित श्याम फार्मा के संचालक वरुण लाठ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस की मानें तो जांच में बड़े स्तर पर अनियमितताएं सामने आ रही हैं। दवा कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। मामले की एफआईआर 19 नवंबर को औषधि निरीक्षक ने दो मेडिकल स्टोर के संचालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके जांच अब आगे बढ़ी है। पुलिस के अनुसार श्याम फार्मा के नाम से करीब 15 हजार बोतल कोडीन सिरप की बिक्री दशार्ने वाले बिल प्रस्तुत किए गए थे, लेकिन जब संबंधित मूल बिल, स्टॉक रजिस्टर और खरीद-बिक्री के अभिलेख मांगे गए तो संचालक ठोस दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सका। बार-बार नोटिस के बावजूद वास्तविक कागजात नहीं दिए गए। इस पर संचालक को गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह ने बताया कि श्याम फार्मा ने कोडीन सिरप की बिक्री से संबंधित वैध अभिलेख प्रस्तुत न किए जाने पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि जांच में अन्य लोगों की भूमिका भी सामने आ रही है और शीघ्र ही और गिरफ्तारियां संभव हैं। बताया कि नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर पूर्ण अंकुश लगाने के उद्देश्य से अभियान जारी रहेगा। कस्बे के अमन मेडिकल स्टोर और अशोक मेडिकल स्टोर की ओर से दो दर्जन से अधिक व्यक्तियों के नाम पर बिक्री बिल प्रस्तुत किए गए हैं। इन बिलों की सत्यता की जांच प्रदेश स्तर पर गठित एसआईटी के देखरेख में की जा रही है। थोक दवा विक्रेताओं से प्राप्त विवरणों में कई व्यक्तियों को भारी मात्रा में कोडीन सिरप बेचे जाने का उल्लेख है, जबकि संबंधित पक्षों से अब तक पुष्ट दस्तावेज नहीं मिल पाए हैं। पुलिस स्टॉक रजिस्टर, जीएसटी विवरण, ट्रांसपोर्ट रसीद और बैंक लेनदेन का भी मिलान कर रही है।

## महाराष्ट्र-सरपंच बनने के लिए 6 साल की बेटी को नहर में धकेला

**नांदेड़, 2 फरवरी (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में एक शख्स पर अपनी छह साल की बेटी की हत्या का आरोप है। पुलिस ने बताया कि आरोपी राज्य में होने वाले आगामी पंचायत चुनाव में सरपंच बनने के लिए खुद को योग्य बनाना चाहता था। पुलिस के मुताबिक, केरूर गांव का रहने वाला 28 साल का पांडुरंग कोंडमंगले के तीन बच्चे हैं। इनमें एक तीन साल का बेटा और छह साल की जुड़वां बेटियां शामिल हैं। वह गांव में विराट सैलून नाम से दुकान चलाता था। वह पंचायत चुनाव में सरपंच का चुनाव लड़ना चाहता था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पांडुरंग को पंचायत चुनाव में दो बच्चों के नियम के कारण अयोग्य होने की आशंका सता रही थी। दरअसल महाराष्ट्र पंचायत राज कानून के तहत दो से ज्यादा बच्चों वाले लोग पंचायत चुनाव नहीं लड़ सकते। पुलिस जांच में सामने आया है कि इसलिए आरोपी ने अपनी एक बच्ची की हत्या कर दी। पांडुरंग पहले बच्ची को बाइक पर तेलंगाना के निजामाबाद जिले में स्थित निजामसागर नहर तक ले गया। वहां उसने कथित तौर पर बच्ची को नहर में धकेल दिया। नहर के आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने पानी में कुछ गिरने की आवाज सुनी। जब वे नहर के पास पहुंचे तो बच्ची का शव पानी में तैरता दिखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

## ममता काली शॉल ओढ़कर मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलीं : बैठक से नाराज होकर निकलीं, बोलीं- ऐसा झूठा चुनाव आयुक्त कभी नहीं देखा

**नई दिल्ली, 2 फरवरी (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के खिलाफ काली शॉल ओढ़कर दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात की। उनके साथ स्क्रफ़ प्रभावित 13 परिवार और टीएमसी के नेता भी थे। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बताया कि ममता ने अपने मुद्दे आयुक्त को बताए लेकिन उनका जवाब सुने बिना ही नाराज होकर चली गईं। मुलाकात के बाद ममता ने कहा, "मैं बहुत दुखी हूं। मैं दिल्ली की राजनीति में लंबे समय से सक्रिय हूं। मैंने आज तक ऐसा अहंकारी और झूठा चुनाव आयुक्त नहीं देखा। वह इस तरह से बात करते हैं जैसे वह जमींदार हों और हम नौकर। उन्होंने हमारा अपमान किया, हमें शर्मिंदा किया। हमने कहा आपके पास भाजपा की ताकत है, हमारे पास जनता की ताकत है। हमने बैठक का बॉयकाट कर दिया। बाद में ममता ने पार्टी मुख्यालय में कहा कि चुनाव आयोग भाजपा के दलाल की तरह काम कर रहा है। इसके पहले सुबह ममता ने दिल्ली पहुंचते ही कहा कि वे स्क्रफ़ के मुद्दे पर लड़ाई जारी रखेंगी। अगर इस देश में कोई नहीं लड़ेगा, तो मैं लड़ूंगी, हमारी पार्टी लड़ेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने उनसे मिलने पहुंचे टीएमसी नेताओं से कहा कि जो भी कानून अपने हाथ में लेगा, उसके खिलाफ कानून और चुनाव आयोग को मिली शक्तियों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, हेली रोड और चाणक्यपुरी स्थित दोनों बंग भवनों के बाहर दिल्ली पुलिस की भारी तैनाती की गई है। ममता ने आरोप लगाया कि बंगा भवन में ठहरे बंगाल के लोगों को धमकाया जा रहा है। वहां भारी संख्या में पुलिस डराने के लिए तैनात की गई है। ममता ने कहा हमारा मामला सुप्रीम कोर्ट में है। लोगों की मौत हुई है, तो क्या उनके परिवार मीडिया से बात भी नहीं कर सकते? ममता ने कहा, जब मैं यहां आती हूं तो ये लोग घबरा जाते हैं। मैं चाहती तो लाखों लोगों को साथ ला सकती थी। दिल्ली को जमींदारी जैसा बताते हुए उन्होंने कहा कि यहां गरीबों के लिए जगह नहीं है। ममता ने दिल्ली पुलिस से कहा कि एसआईआर से प्रभावित परिवारों को परेशान न किया जाए। हम यहां न्याय के लिए आए हैं। पुलिस ने बताया कि ममता की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस की तैनाती की गई थी।



## ओपी राजभर ने मंत्री अनिल के पिता को बताया लोहा चोर

### अनिल राजभर बोले: ओपी बनारस के सिंधोरा में ऑटो चलाते थे

**वाराणसी, 2 फरवरी (एजेंसी)।** यूपी सरकार के दो कैबिनेट मंत्री आपस में ही उलझे हुए हैं। दोनों मंत्री सोमवार को वाराणसी में थे। यहां जैसे ही ओपी राजभर ने बयान दिया, तो करीब 6 घंटे बाद अनिल राजभर से उन पर पलटवार कर दिया। ओमप्रकाश राजभर ने सोमवार को मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर के पिता पर भी कई आरोप लगाए। उन्होंने बिना नाम लिए अनिल राजभर और उनके पिता को लोहा चोर बताया। कहा कि आप उनका इतिहास नहीं जानते। जब उनके पिता जी राजनीति में थे। इस दौरान एक लोहे की सरिया बेचने की दुकान खोली थी। कोई भी दुकानदार कहता तो साव (शरीफ) है, लेकिन वह साव नहीं होता। अगर वह साव बनेगा, तो कमाएगा कैसे? अगर एक क्विंटल सरिया किसी ने लिया और एक क्विंटल दे देगा, तो उसे क्या बचेगा? ओपी राजभर ने कहा- हम चुनौती देते हैं कि एक मां दूध पीया है, तो बताएं कि कहां वोट बिकता है? हम भी जान लेंगे कि वोट खरीदने और बेचने की दुकान कहां है? हम भी वो दुकान देख लें। जरूरत पड़े तो अपना वोट बेच दें। वोट कोई बोरा या झोला में होता है, जो दे आएं। ओमप्रकाश राजभर ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के बयानों पर भी खुलकर बोले। कहा- देश संविधान से चलता है। किसी के बयान से संविधान बदला नहीं जा सकता। शंकराचार्य के 40 दिन वाले बयान पर कहा कि 145 करोड़ जनता के वो मालिक हैं क्या? गो-माता को राज्य माता का दर्जा दिए जाने का विषय जब कैबिनेट में आएगा, तब उस पर विचार किया जाएगा। बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट के इस्तीफे और शंकराचार्य से मुलाकात को उन्होंने ड्रामा और राजनीति बताया। कहा कि हम राजभर हैं और सीना ठोक कर बोलते हैं। ओम प्रकाश राजभर ने कहा- यूजीसी वापस नहीं हुआ है, बल्कि स्टे हुआ है। जो लोग विरोध कर रहे हैं, वे बताए यूजीसी कमेटी में 17 लोग सामान्य जाति के थे। क्या उन लोगों को कमी नजर नहीं आई? शिक्षा मंत्री के बयान को कोड करते हुए कहा राजभर ने कि जो कमी होगी, उसमें सुधार किया जाएगा। सोमवार शाम को वाराणसी पहुंचे कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने ओपी राजभर के बयानों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि ओपी राजभर बनारस के सिंधोरा में ऑटो चलाते थे। पता नहीं कब सरिया खरीदने हमारे गांव पहुंच गए। आप सभी दुकानदारों को चोर बता रहे हैं। ये गलत है। हमें याद है कि आप कभी हमारे भाई साहब की दुकान पर सामान खरीदने गए ही नहीं। वह किसलिए ऐसा बोल रहे हैं, वो जानें। मां का दूध पीने के बयान पर अनिल राजभर ने कहा- मां को राजनीति में नहीं घसीटना चाहिए। मां तो मां होती है। चाहे आपकी हो या मेरी। मां के दूध को चैलेंज करना शोभा नहीं देता। हमारी पार्टी का निर्देश है कि गठबंधन के साथी को साथ लेकर चलना है। मैंने किसी पार्टी और नेता का नाम नहीं लिया था। जबकि, हमारे कार्यक्रम को खराब करने के लिए 10 से 15 लोगों को शराब पिलाकर भेज दिया जाता है। हमने उन लोगों को बाहर कराया।





## पीएम मोदी से ट्रंप की वार्ता के बाद अमेरिका ने भारत पर टैरिफ घटाया

**नई दिल्ली, 2 फरवरी (एजेंसी)।** अमेरिका ने भारत पर लगा एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। अब भारत पर 43 प्रतिशत ही टैरिफ रहेगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को पीएम मोदी से फोन पर बातचीत के बाद यह फैसला लिया है। राष्ट्रपति ट्रम्प और पीएम मोदी के बीच यह बातचीत ऐसे समय में हुई है, जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई बड़े घटनाक्रम चल रहे हैं। वहीं, ट्रम्प ने आज ही अपने सोशल मीडिया 'ट्रुथ सोशल' पर भारत से जुड़ी दो तस्वीरें पोस्ट की थी। एक में उन्होंने इंडिया गेट की फोटो शेयर की थी, जबकि दूसरे में पीएम मोदी के साथ एक मैगजीन का कवर शेयर किया था। ट्रम्प ने इंडिया गेट की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि भारत का ट्रायम्फल आर्च (इंडिया गेट) बहुत खूबसूरत है। हमारा वाला इन सबमें सबसे शानदार होगा! दरअसल ट्रम्प राजधानी वाशिंगटन डीसी में अपने नाम से एक विशाल दरवाजा बनवाने का प्लान कर रहे हैं। इस स्मारक को आर्क डी ट्रम्प नाम दिया गया है। इसका इस्तेमाल वर्जीनिया राज्य से राजधानी में प्रवेश के लिए किया जाएगा। इसका डिजाइन पेरिस के आर्क डी ट्रायम्फ से मिलता-जुलता है। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कुछ महीने पहले बताया था कि इस आर्क का आइडिया खुद ट्रम्प का था। ट्रम्प इस आर्क के डिजाइन बनाने की प्रक्रिया में भी शामिल रहे।



## सस्पेंशन के खिलाफ हाईकोर्ट जाएंगे अलंकार अग्निहोत्री

- कहा- केंद्र सरकार में केवल दो लोगों की चलती, दिल्ली से बड़ा आंदोलन शुरू होगा
- 'वेस्ट इंडिया कंपनी' में माननीय मोदी जी और अमित शाह जी, सीईओ और एमडी हैं

**प्रयागराज, 2 फरवरी (एजेंसी)।** माघ मेले में मौनी अमावस्या के दिन शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और प्रशासन में हुए विवाद का मामला थम नहीं रहा है। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में इस्तीफा देकर पूरे देश में चर्चा में आए बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री प्रयागराज पहुंचे हैं।

प्रयागराज में अलंकार अग्निहोत्री अपने निलंबन की कार्रवाई को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट जाने की तैयारी में हैं। इसी सिलसिले में वह प्रयागराज में अपने विधि सलाहकारों से मिलें। उनका कहना है कि वह निलंबन को चैलेंज करेंगे। उन्होंनें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति अपना नर्म रुख दिखाया, लेकिन केंद्र सरकार पर जमकर अपनी भड़ास निकाली। अलंकार अग्निहोत्री नें कहा कि केंद्र



सरकार एक कम्पनी की तरह चल रही हैं। इसमें सिर्फ दो लोगों की ही चलती हैं, एक मोदी की दूसरे अमित शाह की। उन्होंने कहा- एससी/एसटी एक्ट में संशोधन कराना ही उनकी मुख्य लड़ाई है। इसके लिए दिल्ली से बड़ा आंदोलन शुरू होगा। अलंकार अग्निहोत्री ने कहा- देश इस समय बहुत अस्थिरता की स्थिति में गुजर रहा है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार का जो गणतंत्र का कॉन्सेप्ट होता है, जो सिद्धांत होता है, जो रिपब्लिक, वह बिल्कुल इस समय छिन्न-भिन्न हो चुका है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के संबंध अच्छे नहीं हैं। चाहे किसी भी प्रदेश में देखें, कहीं न कहीं इतना हस्तक्षेप है। जो केंद्र सरकार के पास तंत्र है, उसे मैं आजकल 'वेस्ट इंडिया कंपनी' बोलता हूं-काले अंग्रेजों की कंपनी, जो दो लोगों द्वारा चलाई जा रही है: माननीय मोदी जी और अमित शाह जी, सीईओ और एमडी की हैसियत से।

## पकड़े गए फर्जी बीएलओ, ग्रामीणों से फॉर्म-7 पर कराए साइन

**गाजियाबाद, 2 फरवरी (एजेंसी)।** जनपद के धौलाना विधानसभा क्षेत्र-58 अंतर्गत गांव नाहल में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के दौरान एक बड़ा और गंभीर मामला सामने आया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने व संशोधन को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान की आड़ में कुछ संदिग्ध लोगों द्वारा फजीर्वाड़ा किए जाने का आरोप लगा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह के समय दो पुरुष और एक महिला गांव नाहल में पहुंचकर स्वयं को बीएलओ से जुड़ा बताते हुए ग्रामीणों से फॉर्म संख्या-7 लेकर हस्ताक्षर कराने का प्रयास कर रहे थे। कुछ बीएलओ ने भ्रमवश हस्ताक्षर भी कर दिए, लेकिन नाहल गांव की बीएलओ सुनीता ने उनकी गतिविधियों पर संदेह जताते हुए उन्हें पहचान लिया और फर्जी होने की आशंका व्यक्त की। मामले की जानकारी मिलते ही गांव के जिम्मेदार लोग मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। तलाशी के दौरान संदिग्धों के पास से फर्जी कागजात बरामद हुए। पूछताछ में उन्होंने खुद को भाजपा पार्टी से मंत्रिमंडल से जुड़ा बताया, जिससे राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई। घटना की सूचना मिलते ही समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। पार्टी नेताओं ने पुलिस प्रशासन से वार्ता कर निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की। मौके पर नायब तहसीलदार, लेखपाल और क्षेत्रीय पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। बीएलओ की ओर से पूरे प्रकरण को लेकर शिकायती पत्र भी सौंप दिया गया है। इस संबंध में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट ने बताया कि पूरे मामले से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की नींव मतदाता सूची होती है और उसमें किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## तहसील में अधिवक्ताओं का भ्रष्टाचार के विरोध में हल्ला-बोल, अनिश्चितकालीन हड़ताल से कामकाज ठप्प होने के आसार

**खतौली, 2 फरवरी (बु.)।** खतौली तहसील से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां तहसील प्रशासन पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं ने सोमवार को जोरदार-प्रदर्शन किया। बार एसोसिएशन के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने पैदल मार्च निकालते हुए तहसील परिसर में हल्ला-बोल किया और इसके बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कुमार उपाध्याय और महासचिव प्रदीप कुमार एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसीलदार कार्यालय के बाहर धरना दिया। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने तहसील प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और भ्रष्टाचार पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।अधिवक्ताओं का आरोप है कि तहसील और राजस्व न्यायालयों में बिना अवैध धनराशि दिए कोई भी कार्य नहीं किया जाता। आम जनता और वादकारियों को जान-बूझकर परेशान किया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक



और मानसिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। बार एसोसिएशन के महासचिव प्रदीप कुमार एडवोकेट ने आरोप लगाया कि राजस्व न्यायालयों द्वारा पारित आदेशों को अभिलेखों में जान-बूझकर दर्ज नहीं किया जाता। इससे वादकारियों के मामलों में अनावश्यक देरी हो रही है और कई मामलों में उन्हें भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अविवादित पत्रावलियां महीनों तक लंबित रखी जाती हैं, जबकि विवादित मामलों में अंतिम बहस के बाद भी आदेश पारित नहीं किए जाते। इस दौरान एडवोकेट सचिन आर्य ने एक गंभीर मामला उठाते हुए बताया कि शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद कृषि भूमि अथवा आम के बाग की धारा-80 के मामलों में अनियमितताएं की जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तहसील में सक्रिय दलालों की मिलीभगत से आम के बाग की भूमि पर गलत तरीके से धारा-80 लगाई जा रही है, जिससे किसानों और भूमि स्वामियों को नुकसान हो रहा है। अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में नियमों के विरुद्ध कर्मचारियों की तैनाती, दलालों की सक्रिय भूमिका और प्रशासनिक मिलीभगत का भी आरोप लगाया। उनका कहना है कि तहसील परिसर दलालों का अड्डा बन चुका है और बिना उनकी मध्यस्थता के आम आदमी का कोई काम नहीं हो पा रहा। बार एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया और दोषियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा। अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते तहसील का सामान्य कामकाज पूरी तरह प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। फिलहाल तहसील प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## अजित पवार के अंतिम संस्कार में चेन स्नैचरों ने 25 से 30 लाख रुपये के गहने चोरी

**बारामती, 2 फरवरी (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और एनसीपी के प्रमुख अजित पवार के अंतिम संस्कार में भारी संख्या में लोगों की भीड़ आई थी। हालांकि, चेन स्नैचरों ने इस मौके का फायदा उठाया और 15 लोगों के गहने चोरी कर लिए। अंतिम संस्कार के दौरान सोने की चेन चोरी की चौंकाने वाली घटना सामने आने के बाद हर कोई हैरान है। 28 जनवरी को राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का विमान दुर्घटना में दुखद निधन हुआ था। उनके पार्थिव शरीर पर बारामती स्थित विद्या प्रतिष्ठान के मैदान में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम दर्शन के लिए महाराष्ट्र के कोने-कोने से लाखों की संख्या में लोग बारामती पहुंचे थे और पूरे शहर में शोक का माहौल था। इसी भारी भीड़ का फायदा उठाते हुए चोरों के एक गिरोह ने लोगों को निशाना बनाया। जानकारी के मुताबिक, करीब 15 लोगों के गले से सोने की चेन चोरी कर ली गई। चोरी गए गहनों की कीमत लगभग 25 से 30 लाख रुपये आंकी जा रही है। इस बीच, कुछ संदिग्ध चोरों को नागरिकों ने रंगे हाथों पकड़कर पकड़ लिया, जबकि कुछ आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। खास बात यह है कि उस दिन बारामती में करीब 8 हजार पुलिसकर्मी तैनात थे। इसके बावजूद इतनी बड़ी चोरी की घटना होने से पुलिस व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। पीड़ित नागरिकों की शिकायत पर बारामती तालुका पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मोहम्मद यूनुस, राजकुमार आठवले, एजाज मिरावले, मोहम्मद सिराज, बालू बोत्रे सहित दो अन्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। फिलहाल सभी आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। एक तरफ जहां अजित पवार के अंतिम संस्कार के दौरान माहौल बेहद भावुक था, वहीं दूसरी ओर चोर लोगों के गले से सोने की चेन चोरी करने में लगे हुए थे। इस घटना से बारामती शहर में भारी नाराजगी है।

